विपणन और प्रचार विभाग
प्रधान कार्यालय
media@mahabank.co.in; cmmedia@mahabank.co.in

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ग्राहकों हेतु 'कैशबैक योजना'

**पुणे 17 फरवरी, 2020 :** दिनांक 15 फरवरी से 15 मार्च, 2020 की अभियान अवधि के दौरान नए डेबिट कार्ड लेने वाले ग्राहकों के साथ ही मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग के लिए पंजीकरण करने वाले महाबैंक के ग्राहकों हेतु महाबैंक कैशबैक योजना का आरंभ किया गया है।

वर्तमान मोबाइल और इंटरनेट के गतिमान युग में डिजिटल संव्यवहार बहुत ही सुरक्षित और सुविधाजनक प्रणाली बनकर उभरे हैं। डेबिट कार्ड सभी डिजिटल चैनलों का महत्वपूर्ण आधारस्तंभ होने के साथ ही मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग और यूपीआई के पंजीकरणों हेतु डेबिट कार्ड क्रेडेंशियल्स अत्यधिक आवश्यक होते हैं। इसीलिए ग्राहकों के बीच डिजिटल संव्यवहार के संबंध में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने इस कैशबैक योजना का आरंभ किया है।

इस कैशबैक योजना के अंतर्गत अभियान अवधि के दौरान ग्राहक द्वारा महाबैंक डेबिट कार्ड का उपयोग करते हुए न्यूनतम रु.1000/- की पीओएस पर अथवा ई-कॉमर्स खरीदी करने पर ग्राहक को उस कार्ड से लिंक किए हुए अपने खाते में रु.100/- का कैशबैक प्राप्त होगा। इसी प्रकार अभियान अवधि के दौरान ग्राहक इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के लिए पंजीयन कर उसे एक्टिवेट करते हैं तो उन्हें न्यूनतम रु.100/- का पहला वित्तीय संव्यवहार करने पर लिंक किए हुए अपने खाते में रु.100/- का कैशबैक प्राप्त होगा।

पहले आएं पहले पाएं आधार पर प्रथम पांच लाख ग्राहकों को ही इस योजना का लाभ प्राप्त होगा। बैंक ऑफ महाराष्ट्र के उन ग्राहकों के लिए यह कैशबैक प्राप्त करने का एक बेहतरीन अवसर है जिन्होंने अब तक डेबिट कार्ड प्राप्त नहीं किया है या इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से संव्यवहार करने का लाभ प्राप्त नहीं किया है।